एक नजर में

नेपा नगर पालिका अध्यक्ष ने पीआईसी भंग की

बुरहानपुर। बुरहानपुर नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटील ने साढ़े तीन साल पहले गठित प्रेसीडेंट.इन.काउंसिल ;पीआईसीद्ध को भंग कर दिया है। उन्होंने इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ मोहन सिंह अलावा को एक पत्र सौंपा है। पत्र में अध्यक्ष ने कहा है कि नगर विकास की गति को बढ़ाने और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए नई पीआईसी का गठन करने का निर्णय लिया गया है। अध्यक्ष पाटील ने 26 अप्रैल की शाम को दिए गए पत्र में सीएमओ को सूचित किया कि उनके द्वारा गठित पीआईसी को तत्काल प्रभाव से भंग किया जा रहा है। यह पीआईसी नगर पालिका प्रशासन के राज्य शासन के नियमों के तहत गठित की गई थीए जिसका उद्देश्य परिषद में विकास कार्यों से संबंधित निर्णय लेना था। इस फैसले के पीछे अध्यक्ष भारती विनोद पाटील और उनकी ही पार्टी कांग्रेस के पार्षदों के बीच चल रहा विरोध भी एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। पिछले काफी समय से कांग्रेस के पार्षद अपनी ही अध्यक्ष का विरोध कर रहे थे। कुछ समय पहले नगर के चार वार्डों की महिला पार्षदों ने नगर पालिका कार्यालय के सामने 10 दिनों तक धरना प्रदर्शन किया था। उनका आरोप था कि उनके वार्डों में विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। बाद में नगर पालिका इंजीनियर ने लिखित में आश्वासन दिया था कि विकास कार्य कराए जाएंगेए जिसके बाद हाल ही में उन वार्डों में काम शुरू हुए हैं। हाल ही में हुई पीआईसी बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष ने बजट और 20 अन्य प्रस्तावों पर सभी सदस्यों की सहमति की बात कही थी। हालांकिए बाद में चार पार्षदों ने इस बात से पलटते हुए कहा था कि उन्होंने केवल बजट पर सहमति दी थीए अन्य प्रस्तावों पर नहीं। माना जा रहा है कि पार्षदों के इस पलटवार के कारण ही अध्यक्ष ने पीआईसी भंग करने का निर्णय लिया है। हालांकि अध्यक्ष ने आधिकारिक तौर पर शहर विकास की गति को बढ़ाने के लिए बदलाव को ही इसका कारण बताया है।

बुरहानपुर में कृषि बीज विक्रेताओं की हड़ताल

12 सूत्रीय मांगों को लेकर जताया विरोध, दिनभर बंद थी जिले की सभी कृषि दुकानें

बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले में सोमवार को कृषि बीज विक्रेताओं ने अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। इस दौरान जिलेभर के विक्रेताओं ने अपनी दुकानें बंद रखीं और कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अपनी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। कृषि अदान विक्रेता संघ के सुदामा इंगले ने बताया कि वे लंबे समय से अपनी समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैंए लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। इसी के विरोध में आज सभी बीज विक्रेताओं ने अपनी दुकानें बंद रखकर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने यह भी बताया कि पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में तो आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गई है।

ई-टोकन प्रणाली पर भी आपत्ति जताई:-विक्रेताओं ने रासायनिक खाद में लागू ई.टोकन प्रणाली पर भी आपत्ति जताईए जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। उनकी मुख्य शिकायत यह भी है कि खाद या बीज का सैंपल फेल होने पर विक्रेता को फर्स्ट पार्टी बनाया जाता हैए जबकि निर्माता कंपनी को फर्स्ट पार्टी बनाया जाना चाहिए। विक्रेताओं का कहना है कि वे सील पैक माल खरीदते और बेचते हैं। सुनील चौधरी ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सबसे प्रमुख मांग है ।

मानव सेवा संस्था ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान कर बढ़ाया हौसला



बुरहानपुर। मानव सेवा संस्था द्वारा कर्मचारी जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था की संस्थापक अध्यक्ष उषा अग्रवाल एअध्यक्ष देवचंद शर्मा एसचिव आशा तिवारी एसंरक्षक सुनील सलूजा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। समारोह में कर्मचारियों को शाल ,श्रीफल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष की दीक्षित ने अपने उद्बोधन में कहां की जीवन का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत उन्नति नही,बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सहयोग पहुंचाना होना चाहिए , उन्होंने कहा कि वे पिछले 36 वर्षों से कर्मचारी और समाज हित में कार्य कर रहे हैं और आगे भी निरंतर इसी दिशा में कार्य करते रहेंगे स उन्होंने सम्मान को प्रेरणा का सूत्र बताते हुए कहा कि इससे कार्य करने की ऊर्जा और बढ़ती है। संतोष दीक्षित ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति को केवल अपने लिए नहीं बल्कि समाज ,देश और जीव जंतुओं के कल्याण के लिए भी सोचने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि धन दौलत साथ नहीं जाती बल्कि अच्छे कार्य ही व्यक्ति की पहचान बनाते हैं। इस अवसर पर उपेंद्र जैन,पुष्पेंद्र कपड़े,डॉक्टर अशफाक खान ,एठाकुर अरविंद सिंह ,राकेश खत्री, अत्ताउल्लाह खान ,एन के शर्मा सहित अन्य लोगों का भी सम्मान किया गया । सभी ने मानव सेवा संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया ।

जिला चिकित्सालय में 24 घंटे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध

बुरहानपुर। जिला चिकित्सालय बुरहानपुर द्वारा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 24 घंटे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ रूप से संचालित की जा रही हैं। आपातकालीन सेवाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर.07325.452531 एवं 07325.452532 जारी किए गए हैं।

गो तस्करी रोकने-सख्त कानून बनाने की उठी आवाज, ज्ञापन

गोवंश संरक्षण को लेकर सड़कों पर उतरे गोभक्त

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत जिले के सैकड़ों गौभक्तों ने तहसील कार्यालयए बहादरपुर रोड तक शांतिपूर्ण एवं अनुशासित सांकेतिक रैली निकाली। रैली के उपरांत गौभक्तों ने तहसीलदार महोदय को मुख्य आवेदन पत्र सौंपा जिसमें महामहिम राष्ट्रपति महोदय,प्रधानमंत्री,राज्यपाल महोदय , मुख्यमंत्री एवं के नाम गोवंश संरक्षण, संवर्धन एवं सम्मान से संबंधित विस्तृत संवैधानिक मांगें रखी गई हैं। अभियान के जिला संरक्षक ठाकुर प्रियांक सिंह ने कहा यह अभियान किसी राजनीतिक दल या संस्था का नहीं बल्कि वेदलक्षणा गोमाता एवं नंदी बाबा की प्रेरणा से राष्ट्रप्रेमी भारतवासियों द्वारा स्वस्फूर्त रूप से संचालित है।

जिला संयोजक देवा मराठे, महेश चौहान, प्रीतम महाजन ने बताया अभियान पूर्णत: निस्वार्थ, अहिंसक एवं राष्ट्रहित में है। जिला प्रभारी प्रकाश पालीवाल व सत्यनारायण लड्ढा ने कहा कि गोवंश हमारी सांस्कृतिक धरोहर,ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। इसे बचाना हर भारतवासी का संवैधानिक एवं नैतिक कर्तव्य है।

दिनेश सुगंधी, आशीष शर्मा,गायत्री मोरे ने सभी गोभक्तों, संतों एवं जागरूक नागरिकों से अपील की कि वे अपने.अपने क्षेत्रों में इस अभियान को और मजबूती प्रदान करें। राजेश बजाज, मुकेश डालमिया,हेमंत दलाल, दिनेश राठौर,नारायण चंदेल, सागर कोली सहित सैकड़ों गौभक्त,संत समाज के प्रतिनिधि एवं जागरूक नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गौभक्तों ने गोमाता के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा और राष्ट्रहित की भावना से ओत.प्रोत होकर इस कार्यक्रम में भाग लिया।

ज्ञापन में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48; राज्य के नीति-निर्देशक तत्वद्ध एवं अनुच्छेद 51। मूल कर्तव्य की मूल भावना का हवाला देते हुए निम्नलिखित प्रमुख मांगें की गई है। अखिल भारतीय वेदलक्षणा गोवंश को राष्ट्रमाता / राष्ट्र आराध्या का संवैधानिक दर्जा प्रदान किया जाए तथा इसे विधिक व्यक्तित्व के रूप में मान्यता दी जाए। गोवंश की तस्करी, क्रुर वध एवं किसी भी प्रकार की शारीरिक क्षति को संज्ञेय एवं गैर.जमानती अपराध घोषित कर राष्ट्रव्यापी कठोर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। केंद्रीय गोसेवा मंत्रालय की स्थापना की जाए तथा विभिन्न राज्यों में प्रचलित असंगत गोसंरक्षण कानूनों को निरस्त कर एक एकीकृत केंद्रीय गोसेवा एवं संरक्षण अधिनियम बनाया जाए, जिसमें आजीवन कारावास जैसे कठोर दंडात्मक प्रावधान एवं संपत्ति राजसात कुर्की के प्रावधान शामिल हों।

> प्रत्येक जिले में न्यूनतम एक आदर्श गोअभयारण्य तथा हर ग्राम पंचायत स्तर पर नंदीशाला की स्थापना अनिवार्य की जाए। समस्त गोचर, ओरण, आगोर एवं पारंपरिक गोभूमियों को अतिक्रमण मुक्त कर गोचर विकास बोर्ड गठित किया जाए तथा चारे के अवैध संग्रहण एवं मूल्य वृद्धि पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। गो.आधारित प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहन देने हेतु विशेष पैकेज, पंचगव्य अनुसंधान केंद्रों की स्थापनाए गव्य चिकित्सा को मान्यता एवं गो.उत्पादों के विपणन के लिए सरकारी सहायता प्रदान की जाए। राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर गो.वाहिनी एम्बुलेंस तथा ट्रॉमा सेंटर स्थापित किए जाएं, ताकि दुर्घटनाग्रस्त गोवंश को तत्काल उपचार मिल सके।

नारकोटिक्स दवाओं के बारे में बताया

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । बुरहानपुर जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा एवं कार्यशाला संपन्न हुई जिसमें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के मेडिकल व्यवसायी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत धनवंतरी पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता बुरहानपुर औषधि निरीक्षक विजय वर्मा थे जिन्होंने अपने उद्बोधन में विस्तार से ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट1940 ड्रग रूल 1945 एवं नारकोटिक्स दवाओं के बारे में जानकारी दी जो कि उपस्थित 230 सदस्यों के लिए बहुत ही उपयोगी थी।

जिला केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज अगनानी ने विस्तार से संगठन द्वारा सामाजिक जनहित के लिए विगत वर्षों में जो कार्य किए गए, इसकी जानकारी दी एवं प्रदेश संगठन द्वारा चलाए जा रहे जनहित कार्यक्रमों के बारे में बताया। संगठन सचिव शरद जैन द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया गया एवं अपने व्यवसाय को नियमानुसार संचालित करने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। संगठन कोषाध्यक्ष ऋषिराज गुजराती द्वारा आय व्यय पत्रक का वाचन किया गया।

ऑनलाइन दवाओं के बढ़ते कारोबार जिससे कि दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। उसके विरोध में ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा पूरे देश में 20 मई। को एकदिवसीय बंद का आह्वान किया गया है, जिसे सफल बनाने के लिए संगठन के वरिष्ठ सदस्य अजय खन्ना एवं नीरज कक्कड़ द्वारा अपने विचार रखे गए। कार्यक्रम का सफल संचालन ऋषिराज गुजराती द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन माजिद खान द्वारा किया गया। वार्षिक आम सभा एवं कार्यशाला में संगठन पदाधिकारी आदेश पाटीदार ,रवींदर खरबंदा, दीपक पहुंजा, माजिद खान व शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए 230 सदस्य उपस्थित थे।

जल गंगा संवर्धन अभियान में अमरावती नदी की सफाई की

नवभारत न्यूज,

शाहपुर। दिनांक 19 मार्च 2026 को गुड़ी पड़वा के पावन अवसर से माननीय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय भोपाल एवं कलेक्टर द्वारा दिए गये निर्देशानुसार दिनांक 19 मार्च 2026 से 30 जून 2026 तक निकाय स्तर पर चलाया जा रहा है !

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारीए परिषद् पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा निकाय क्षेत्र के प्रमुख जल स्त्रोत अमरावती नदी की वार्ड क्रमांक 15 स्टाप डेम के पास दिनांक 24.25.26 अप्रेल 2026 से निरंतर साफसफाई एवं जनभागीदारी श्रमदान से किया गया । सभी ने मिलकर अमरावती नदी की सफाई कीए कचरा हटाया एवं जल संरक्षण का संदेश दिया। ताकि वर्षा ऋतु में अमरावती नदी में अधिक से अधिअक जल का संचय हो सके । इस अभियान का उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण और पुनर्जीवन करना । साथ पानी बचाने और उसके विवेकपूर्ण, समुचित उपयोग, संचयन, सुरक्षित उपयोग की सामूहिक शपथ दिलाई गई ।

अमरावती नदी के किनारे जागरूकता संदेश लिखे गए हैं । अमरावती नदी के किनारे जागरूकता हेतु चित्रकला बनाई गई। नदी के किनारे सफाई अभियान और श्रम दान किया जा गया। नागरिकों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है आइए हम सभी मिलकर अपने जल स्त्रोतों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संकल्प लें की सामूहिक शपथ ली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज,बुरहानपुर। सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में जिला रेडक्रॉस सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति सदस्यों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए जनहितकारी गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने निर्देश दिए कि रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएं।

बैठक में सामाजिक न्याय विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर नशामुक्ति के लिए जागरूकता गतिविधियां एवं रैलियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यक्षेत्र को और व्यापक बनाने पर भी चर्चा की गई,ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सेवाएं पहुंचाई जा सकें। बैठक में चैयरमेन सुमित बोरले, जिला प्रतिनिधि विजय पाटील, सचिव एम.एस.देवके एवं अन्य प्रबंध समिति सदस्य उपस्थित रहे।

अधिकारी गंभीरता के साथ दायित्वों का करें निर्वहन : कलेक्टर सिंह

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राथमिकता के साथ कार्य करने के निर्देश

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । सोमवार को कलेक्टर श्री हर्ष सिंह की अध्यक्षता में समय.सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विस्तृत एवं गहन समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों से प्रकरणवार चर्चा करते हुए 100 दिवस से अधिक अवधि की लंबित शिकायतों के शीघ्र और नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए गए।

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों से एक.एक कर लंबित शिकायतों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले की विभिन्न खाद्य विक्रय करने वाली दुकानों का समय.समय पर निरीक्षण करने एवं आवश्यकतानुसार चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएचई विभाग को पेयजल की गुणवत्ता एवं आपूर्ति की जांच करने के निर्देश भी दिए गए।

जनगणना की समीक्षा:- इसी कड़ी में कलेक्टर श्री सिंह ने जनगणना.2027 की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्व.गणना हेतु नागरिकों में जागरूकता लाने हेतु प्रचार किया जाये एवं रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाये ताकि जनगणना कार्य व्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न हो। बैठक में उर्वरक वितरण, चना एवं गेहूं उपार्जन, परख निरीक्षण रिपोर्ट, अप्रारंभ कार्यों सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

जल गंगा संवर्धन अभियान में तेजी लाने के निर्देश:-कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि यह शासन का एक महत्वपूर्ण अभियान हैए जिसमें सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक हैए अधिकारी स्वप्रेरणा से रुचि लेकर कार्य करे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता बढ़ाने के साथ जल संरक्षण से जुड़े कार्यों में तेजी लाई जाए तथा इसे जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्री सृजन वर्मा सहित समस्त विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

श्रमिकों के लिए नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बुरहानपुर व लघु उद्योग भारती एवं टेक्सटाइल प्रोसेसर्स एसोसिशन बुरहानपुर द्वारा श्रमिकों हेतु नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन टीपी, भवन, उद्योग नगर में किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 44 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार दिया गया तथा नि:शुल्क दवाइयां भी वितरीत की गयी। शिविर में जिला चिकित्सालय के ऑर्थो डॉ.अभिषेक पटेल, सर्जन डॉ अब्दुल कादिर,मेडिसिन डॉ अंशय जायसवाल, ओपथोल्मीक असिस्टेंट श्री विजय कनासिया,फार्मासिस्ट विजय पालीवाल,रेड क्रॉस सोसाइटी चेयरमैन सुमित बोरले, सचिव एम.एस.देवके, नीरज कक्कड़, लघु उद्योग भारती से प्रदीप मित्तल अध्यक्ष, धर्मेंद्र पुरोहित, प्रमोद जैन ,टैक्सटाइल प्रोसेसर्स एसोसिएशन, सुनीत सेठिया, नितिन वैष्णव, नितिन सोनी, मेहुल जैन, प्रदीप तोदी सहित अन्य द्वारा सहयोग किया गया।

एक नजर ▶ **जय स्तंभ से गांधी चौक तक रोड मार्किंग और रिफ्लेक्टर कार्य शुरू : महापौर**

नदी के घाटों की स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर भोपाल से हुई विशेष ऑनलाइन कार्यशाला

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । नगर निगम परिसर के एम आई सी हॉल में नगरीय प्रशासन एवं आवास विकास विभाग भोपाल से स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 26 को लेकर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में नदियों और जलाशयों को स्वच्छ बनाने के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा सक्रिय पहल की जा रही है। 2026 मेंएस्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 के तहत नदी किनारे स्थित शहर को विशेष रूप से चिन्हित किया गया है।

नदी किनारे शहरों का विशेष जोर देते हुए प्रदेश की 73 नगरीय निकायों जो नदियों के किनारे स्थित हैं,उनका अलग से श्रिवर टाउन असेसमेंट किया जा रहा है, जिसमें नदी के घाटों की स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नगरीय प्रशासन द्वारा नदी की सतह की सफाई जैव विविधता और औद्योगिक कचरे की निगरानी के लिए ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण.2024 अब 2025/26 के अंतर्गत के तहत नागरिकों को सोशल मीडिया के माध्यम से फीडबैक देने और स्वच्छता अभियानों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

निगम अध्यक्ष श्रीमती अनीता यादव ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 प्रारम्भ हो चुका है। हर वर्ष की तरह बुरहानपुर नगर निगम भी जोर शोर से तैयारी में लगा है तथा स्वच्छता प्रतियोगिता में पूरे उत्साह से भागीदारी कर रहे हैं। सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुरहानपुर नगर निगम पहल स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गतए नगर निगम द्वारा नदी के घाटों की दैनिक सफाई सुनिश्चित करना। नदी के 500 मीटर के दायरे में कचरा न फेंकना।प्लास्टिक पर प्रतिबंध और सीवेज प्रबंधन। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन ;शहरीद्ध के अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्र द्वारा की जाएगी। इस कार्यशाला में मध्य प्रदेश के प्रदेश के 73 नगरीय निकायों से महापौर/ अध्यक्ष/ माननीय पार्षद/ आयुक्त/मुख्य नगरपालिका अधिकारी ,नोडल और अन्य भागीदार जुड़ें थे। इस कार्यशाला में निगम अध्यक्ष श्रीमती अनीता अमर यादव,सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा एम आई सी चेयरमैन स्वास्थ्य विभाग धनराज महाजन, पार्षद आशीष शुक्ला पार्षद पति हेमेंद्र महाजन,उप स्वास्थ अधिकारी गणेश पाटिल एन जी ओ रविन्द्र चौहान राकेश कुशवाह आदि निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

रात्रिकालीन यातायात को दी जाएगी नई दिशा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। शहर में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा महत्वपूर्ण पहल करते हुए जयस्तंभ चौराहा से इकबाल चौक एवं गांधी चौक तक सड़क के दोनों ओर रोड मार्किंग एवं रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य गत रात्रि प्रारंभ किया गया। उक्त कार्य का स्थल निरीक्षण महापौर माधुरी अतुल पटेल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए, ताकि कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण हो सके। इस कार्य के पूर्ण होने से रात्रिकालीन यातायात में विशेष रूप से सुधार आएगा तथा सड़क दुर्घटनाओं की संभावना में कमी होगी। साथ ही शहर की सड़कों पर यातायात अधिक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित हो सकेगा। नगर निगम द्वारा शहर में यातायात सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ऐसे कार्य निरंतर किए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं तकनीकी अमला उपस्थित रहा।